हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 05 नवम्बर 2025
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]




जीवेत शरदः शतम्
मान. केदार कश्यप जी
(मंत्री, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता छ.ग.)
को अवतरण दिवस की
बहुत बहुत शुभकामनाएं
संतोष बघेल
अध्यक्ष
जनपद पंचायत बस्तर


जीवेत शरदः शतम
मृदुभाषी, असीम ऊर्जा के धनी, लाखो युवाओं के प्रेरणास्त्रोत
कर्मयोगी व कुशल संगठनकर्ता, बस्तर माटीपुत्र
मान. केदार कश्यप जी
(मंत्री, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता छ.ग.)
को
जन्मदिन
की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं
रजनीश पानीग्राही
भाजपा जिला कोषाध्यक्ष, जगदलपुर


दृढ़ व्यक्तित्व के धनी, अपार ऊर्जा के स्त्रोत,
नव विचारधारा के संवर्धक,
प्रभावशाली कार्य साधक,
छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल-संसाधन,
कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री
जीवेत शरदः शतम्
केदार कश्यप जी
को
जन्मदिन
की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं
संतोष बाफना
पूर्व विधायक, भाजपा

12 नगरी में मंत्री केदार कश्यप ने किया विकास ...



12 कोंडागांव में हुआ सैनिक सम्मेलन, ब्रिगेडियर...





## खबर संक्षेप

### राज्यपाल ने ली वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से बैठक



**जगदलपुर।** राज्यपाल रेमन डेका के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से राज्य के आकांक्षी जिलों और विकासखंडों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, जल जीवन मिशन, रोजगार एवं बुनियादी ढांचे से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

### अंकित ने जीता मैन फिजिक्स ऑफ छत्तीसगढ़ का खिताब

**जगदलपुर।** राज्यस्तरीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में बस्तर संभाग की ओर से जगदलपुर निवासी अंकित विश्वास ने मैन



फिजिक्स ऑफ छत्तीसगढ़ का खिताब अपने नाम किया। साथ ही बॉडीबिल्डिंग में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर बस्तर संभाग का नाम रोशन किया हैं। वह 6-7 सालों से इस बॉडीबिल्डिंग खेल में हिस्सा लेकर राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना परचम लहरा चुका हैं। मिस्टर बस्तर और मिस्टर छत्तीसगढ़ का खिताब के साथ ही मुख्य मंत्री द्वारा सम्मान व अवॉर्ड भी प्राप्त कर चुके हैं।

### अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी 6 को

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ अग्निशमन विभाग में विभिन्न संवर्ग के 295 पदों की भर्ती हेतु 6 नवम्बर से अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जाएगी। इस हेतु प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं जिसे अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट से डाऊनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी उपरोक्त हेतु प्रवेश पत्र में अंकित निर्धारित तिथि और समय पर नियत स्थान में उपस्थित होकर शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

### शिक्षा की गुणवत्ता और अपार आईडी अद्यतन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : हरिस

# परिणामों में लगातार कम प्रदर्शन वाले स्कूलों के विषय शिक्षकों को नोटिस, सर्विस बुक में एंट्री होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिले की शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर हरिस एस ने सोमवार की शाम कलेक्टोरेट में शिक्षा विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक ली । उन्होंने अधिकारियों को शैक्षणिक परिणामों में सुधार और विद्यार्थियों की अपार आईडी के शत-प्रतिशत अद्यतन पर विशेष बल दिया।

■ बीईओ, बीआरसी तथा प्राचार्यों की बैठक में कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

कलेक्टर ने कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन कक्षाओं के लिए तत्काल अतिरिक्त 2 घंटे की कक्षाएं लगाई जाएं। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि विद्यार्थी अधिक से अधिक अंक प्राप्त करें। जुलाई, अगस्त, सितंबर की मासिक परीक्षाओं के विश्लेषण के आधार पर गणित, अंग्रेजी और विज्ञान जैसे कमजोर विषयों में सुधार के लिए विशेष रणनीति बनाने को कहा गया है। कलेक्टर ने परिणामों में लगातार कम प्रदर्शन करने वाले स्कूलों के विषय शिक्षकों को नोटिस जारी करने और उसकी एंट्री उनकी सर्विस बुक में करने का सख्त निर्देश भी दिया। इसके अतिरिक्त 12 वीं के 200 मेधावी विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें मोटिवेशन, एक्स्ट्रा कोचिंग और डाउट क्लीयरिंग सेशन प्रदान करने की योजना बनाने को कहा गया।

कलेक्टर ने शैक्षणिक सुधारों के साथ-साथ सभी पात्र विद्यार्थियों की अपार आईडी शत-प्रतिशत बनाने और अद्यतन करने के कार्य में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने 30 नवंबर तक इस कार्य को शत-प्रतिशत पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अधिकारियों को नियमित रूप से अपार शिविर लगाने और शिविर में हुए कार्यों की रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर अपडेट करने का निर्देश दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारियों को ग्राम पंचायत और अशासकीय संस्थाओं के अपार के आधार पर सूची बनाकर आईडी बनाने की योजना जमा करने को कहा गया है। जबकि अनुविभागीय दंडाधिकारी के समन्वय से आईडी बनाने की योजना तैयार करने का भी निर्देश दिया गया।

#### बीईओ करेंगे शालाओं का नियमित निरीक्षण

कलेक्टर ने विद्यालयीन अनुशासन और निरीक्षण पर जोर देते हुए खंड शिक्षा अधिकारियों को स्कूलों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति 85 प्रतिशत से कम है, वहाँ अनुशासन की कमी मानते हुए तत्काल सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।

#### दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन जरूरी

कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ किसी भी तरह की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी शिक्षक एवं अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन अत्यंत गंभीरता और निष्ठा से करें।

#### ये रहे उपस्थित

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, जिला मिशन समन्वयक अशोक पांडे सहित सभी सहायक परियोजना समन्वयक तथा जिले में पदस्थ खंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्रोत समन्वयक तथा विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे।

# शतरंज में बच्चों से लेकर बड़ों ने दिखाया बुद्धि का जौहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जीएच रायसोनी स्पोर्ट्स एंड कल्चरल तथा कल्पना प्रकाश वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित एवं छत्तीसगढ़ चेस एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त जिला शतरंज संघ बस्तर के तत्वावधान में शतरंज स्पर्धा आयोजित की गई । शतरंज की बिसात पर चाल चलकर स्पर्धा का उद्घाटन हुआ ।

■ अलग अलग वर्ग में प्रथम से तीसरे स्थान प्राप्त करने वालों को मिला पुरस्कार

इस टूनार्मेंट में तरुण सारथी चीफ आर्बिटर, अयाज चामड़िया डिप्टी चीफ आर्बिटर, अभिनव जेना, राजेश जेना, पूर्णिमा सरोज, जयश्री शेंडे आर्बिटर थे । प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला शतरंज संघ के सचिव हितेश तिवारी, बी.एस. ध्रुव,संगीता तिवारी, सुकीर्ति तिवारी, मंजू सारथी, ईश्वरी ध्रुव, सुचिस्मिता जेना, लोकेश पांडे, मिनेश पाणीग्राही अभिषेक जेना का योगदान ▶▶|शेष पेज 12 पर

#### ये रहे विजेता

टूर्नामेंट में 5 वर्ष से 65 वर्ष तक आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में ओपन केटेगरी में अमन रजा प्रथम, जयसिंह कश्यप द्वितीय, साहिल सागर तृतीय रहे। अंडर 17 बालिका वर्ग में निशिता देवांगन प्रथम, पूर्णिमा सागर द्वितीय, अर्शिया खान तृतीय रही। बालक वर्ग में मयंक श्रीवास्तव प्रथम, यासिर पाशा द्वितीय, दिव्यराज तृतीय, अंडर 13 बालिका अलंकृता मोहराणा प्रथम, साक्षी कुमारी द्वितीय, अवनि जान तृतीय रही। बालक वर्ग में स्वास्तिक सागर प्रथम, सूरज वर्मा द्वितीय, अमर्त्य सारथी तृतीय रहे। अंडर 9 में बालक वर्ग जिदान चामड़िया प्रथम, वेदांत शुक्ला दूसरे और के भुवन अभिनय तीसरे स्थान पर बालिका वर्ग में अनुष्का कुमारी पहले, दूसरेधनश्री डांडा और तीसरे स्थान पर अनन्या श्रीवास्तव रहीं।

## दो दर्जन यात्री बसों की जांच में 12 पर की गई कार्रवाई

**जगदलपुर।** परिवहन विभाग के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने उड़नदस्ता के टीम के साथ एसी स्लीपर और अन्य यात्री बसों में ड्राइवरों, कंडक्टरों और यात्रियों को दुर्घटना और आगजनी की स्थिति में सुरक्षित निकासी के लिए जागरूक किया गया है। इसमें सभी को बस के आपातकालीन निकास के बारे में जानकारी दी गई है। बाहर निकलने वाले किट का उपयोग सिखाया गया है। इसके अतिरिक्त बस में अग्नि सुरक्षा के लिए कार्यशील फायर डिटेक्टर और अग्निशमन यंत्रों फायर एक्सटिंग्विशर का होना अनिवार्य है। हर बस में एक या अधिक कार्यशील फायर एक्सटिंग्विशर होना अनिवार्य है, ताकि आग लगने पर उसे तुरंत बुझाया जा सके। बस में फायर डिटेक्टर लगे होने चाहिए जो आग लगने पर अलार्म बजाकर सभी को सचेत कर सकें। नियमानुसार संचालन नहीं करते पाई जाने वालीं बसों में चालानी कार्रवाई भी की गई। इसके लेकर ▶▶|शेष पेज 12 पर



## मोबाइल टावर कंपनियों से 92 लाख की वसूली

**जगदलपुर।** नगर निगम ने शहर में स्थापित मोबाइल टावर कंपनियों पर बकाया नवीनीकरण शुल्क की वसूली के लिए कड़ा रुख अपनाया है। महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन में राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा के नेतृत्व और आयुक्त प्रवीण वर्मा व सब इंजीनियर दीपांशु देवांगन के निर्देशन में निर्धारित समयावधि में शुल्क जमा नहीं करने वाली कंपनियों पर कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को एटीसी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ने अपने मोबाइल टावरों का नवीनीकरण शुल्क 29 लाख 95 हजार नगर निगम में जमा किया। महापौर ने कहा कि सभी मोबाइल टावर कंपनियों को जल्द से जल्द अपना नवीनीकरण शुल्क जमा करना चाहिए अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह पहल शहर में विकास, नियमन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राजस्व ▶▶|शेष पेज 12 पर



## बस्तर ओलंपिक की खेल प्रतियोगिताओं में दिखा खिलाड़ियों का उत्साह

**जगदलपुर।** बस्तर ओलंपिक के तहत जिले के विभिन्न विकासखंडों में आयोजित प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशन में नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में दरभा, तोकापाल और जगदलपुर विकासखंडों में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक समापन हुआ। वहीं बकावंड, लोहांडीगुडा और बस्तानार विकासखंडों में आज से प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। खेल मैदानों में ग्रामीण खिलाड़ियों ने पारंपरिक एवं आधुनिक ▶▶|शेष पेज 12 पर



# तेलगांना के बड़े नक्सलियों के बच्चे पढ़ रहे विदेश में, हमारे परिजनों को उतारा जा रहा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



तेलगांना से जगदलपुर पहुंचे 30 से अधिक नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्यों ने मंगलवार को स्थानीय बस्तर आर्ट गैलरी में अपनी आपबीती सर्व आदिवासी समाज, आध्रं समाज व स्थानीय पत्रकारों को बताते हुए कहा कि छग समेत देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में नक्सलवाद का बीज बोने वाले शीर्ष नक्सली अपने बच्चों को विदेशों में पढ़ा रहे हैं। और, हमारे बच्चों को नक्सल सगंठन में शामिल करने मजबूर किया जा रहा है। संगठन में शामिल नहीं होने पर उन्हें मौत के घाट उतारा जा रहा है। तेलगांना हैदराबाद से जगदलपुर पहुंचे वेंकटेश्वर रेड्डी, श्रीमती अरूणा गौड़, रविंदर रेड्डी, जनार्दन राव, डॉ सतोंष व अन्य ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि तेलगांना को बाकी दुनिया में गलत रूप से दिखाया जा रहा है। वर्तमान में जो सरेंडर हुआ जिसमें वासुदेव राव ने अपने बयान में कहा था कि जब हमारा शव आएगा तब आप लाल झण्डा फहराकर जुलूस निकालते हो फिर सोशल मिडिया में वीडियो बनाकर गलत तरीके से प्रचार कर रहे है। वेंकटेश्वर रेड्डी ने कहा कि यूनिवर्सिटी में आने वाले प्रोफेसर व अन्य अर्बन नक्सलियों के बेटे अमेरिका व बड़े आईआईटी में पढ़ते है, डाक्टर बन जाते हैं। वे अपने खुद के बेटे को कभी नक्सलवादी ▶▶|शेष पेज 12 पर










## खबर संक्षेप

### ओलंपिक खेल कार्यक्रम में पत्रकारों की अनदेखी

**मद्देड़।** भोपालपटनम मद्देड़ ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित ब्लॉक स्तरीय ओलंपिक खेलकूद कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकारों को निमंत्रण न दिए जाने से पत्रकारों में भारी नाराजगी देखने को मिली। प्रशासन द्वारा सूचना न देने पर मीडिया प्रतिनिधियों ने कहा कि यह न केवल पत्रकारों का अपमान है, बल्कि पारदर्शिता की भावना के भी खिलाफ है। जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी, अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे मगर स्थानीय पत्रकारों को न तो आमंत्रण दिया गया और न ही कार्यक्रम की पूर्व सूचना। पत्रकारों का कहना है कि जब सरकार और प्रशासन जनता के बीच खेल और युवा उत्सव जैसे आयोजन करती है, तो मीडिया को दूर रखना समझ से परे है। पत्रकार संघ ने प्रशासन से इस पर स्पष्टीकरण की मांग की है और कहा है कि भविष्य में यदि ऐसी अनदेखी दोहराई गई तो वे विरोध स्वरूप सामूहिक रूप से कवरेज का बहिष्कार करेंगे।

### कला जत्था कर रहा योजनाओं का प्रचार



**दंतेवाड़ा।** जनसंपर्क संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायतों में कला पथक दलों द्वारा अपने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शासकीय कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कलापथक दल नृत्य नाटिका प्रहसन के माध्यम से ग्रामीणजनों को योजनाओं जैसे महतारी वंदन, तेंदूपत्ता बोनस, प्रधानमंत्री आवास से लाभ लेने के लिए प्रेरित कर रही है। इस क्रम में सांस्कृतिक कला पथक दल नेगमुदियाल नयनार द्वारा विकासखंड कटेकल्याण, परचेली, चिकपाल में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

### चोरी की नीयत से घूम रहे संदिग्ध पकड़ाए




**बचेली।** थाना प्रभारी बचेली निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव के नेतृत्व में गश्त के दौरान देर रात रेतीपारा मेन रोड बचेली में बादल सोनानी उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड 6 पुराना मार्केट भट्टीपारा बचेली एवं सूरज मंडावी उम्र 22 वर्ष निवासी पुराना मार्केट रामनगर वार्ड बचेली चोरी करने की नीयत से सूने मकानो में ताकझाक कर रहे थे। पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को देखकर छिप रहे थे पकड़े जाने की डर से भागने लगे। जिन्हे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। उक्त संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध चोरी जैसे संज्ञेय अपराध घटित करने से रोकने एवं सदाचार की प्रतिभूति के लिये बीएनएसएस की धारा 128 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है, जिन्हें कार्यपालिक दण्डाधिकारी बड़ेबचेली के समक्ष पेश किया गया है। ज्ञात हो कि दंतेवाड़ा जिले के बचेली में बढ़ते अपराध की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर, रामकुमार बर्मन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा, किरन्दुल के द्वारा गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों पर कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

### निधन

#### बुधसन थामस



**जगदलपुर।** मसीही समाज के सेवानिवृत प्रधानअध्यापक बुधसन थामस का आज सुबह निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे । वह लाल चर्च के सक्रिय सदस्य थे। अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्रियां दामाद, एक पुत्र, नाती, पोतो से भरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम क्रियाकर्म शांति नगर स्थित मसीह कब्रिस्तान में बुधवार को सुबह 11 बजे किया जाएगा।

# किरन्दुल फाइन ओर विस्थापन मामले में तुलिका ने प्रतिनिधि मंडल के साथ आयुक्त से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा



विगत कई महीनों से किरन्दुल नगरपालिका वार्ड क्रमांक- 12 स्थित फाइन ओर पारा के विस्थापन का मुद्दा गरमाया हुआ है और इस मामले में वार्डवासियों ने मदद की गुहार लगाते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका से न्याय दिलाने हेतु अपील की। मामले को गम्भीरता से लेते हुए तुलिका कर्मा ने तुरंत वार्ड पहुंच कर प्रभावितों से मुलाकात की एवं सर्वप्रथम एनएमडीसी प्रबंधन से इस मुद्दे पर चर्चा किया और इसी क्रम में आज

■ वार्डवासियों ने जमीन के बदले जमीन और उचित मुआवजा की रखी मांग

बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह से भी मुलाकात इस मुद्दे पर उचित कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन दिया।

विदित हो कि पिछले कई दशकों से उक्त स्थान एनएमडीसी द्वारा ही पूर्व में परियोजना को स्थापित करने के लिए बसाया गया था पर आज के वक्त में एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा वहां पर नए परियोजना स्थापित करने की वजह से वहाँ जिला प्रशासन द्वारा निवासियों को हटने हेतु नोटिस जारी किया गया है। उक्त मामले में तुलिका कर्मा द्वारा वार्ड वासियों के प्रतिनिधि मंडल के साथ बस्तर आयुक्त से मुलाकात की और निवासियों के मांग पूर्ति अनुरूप कार्यवाही करने की मांग की।

तुलिका ने वार्डवासियों की मांग रखते हुये कहा कि हर एक प्रभावित परिवार से एक व्यक्ति को लेबर सप्लाई में नौकरी और उचित मुआवजा देने की मांग रखी, जिसपर संभाग आयुक्त ने आश्वस्त किया की जल्द से जल्द इस मामले में कार्यवाही करते हुए प्रभावितों के हित में उचित न्याय दिलाया जाएगा।

## बस्तर ओलंपिक की धूम, मैदान में छलकी प्रतिभा, गूंजा उत्साह और उमंग

# बस्तर की मिट्टी में है असीम प्रतिभा : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा



दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा ब्लॉक में बस्तर ओलंपिक के तहत ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हितावर खेल मैदान में बड़े उत्साह और उमंग के साथ

■ पुरुष व महिला दोनों वर्गों में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। आयोजन का संचालन जनपद पंचायत कुआकोंडा द्वारा किया गया। ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि बस्तर की मिट्टी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यहां के बच्चे अनुशासित, परिश्रमी और जुझारू हैं। बस उन्हें मंच देने की जरूरत है। ऐसे आयोजन न केवल खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र की पहचान को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण होती है खेल भावना। आज जो हारा है, वह कल अवश्य जीतेगा। ग्राम स्तर से लेकर ब्लॉक और जिला स्तर तक आयोजित प्रतियोगिताओं के माध्यम से अब हर युवा को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि बस्तर ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताएं हमारे गांवों में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का माध्यम बन रही हैं। खेल से व्यक्ति के अंदर आत्मविश्वास, अनुशासन और एकता की भावना विकसित होती है। जब हमारे युवा खेल के मैदान में उतरते हैं, तो वे न केवल अपनी शक्ति दिखाते हैं, बल्कि पूरे जिले का गौरव बढ़ाते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि जिला प्रशासन और जनपद पंचायतों के संयुक्त प्रयास से आज ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, खो-खो, दौड़, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, गेंड़ी, फुगड़ी और रस्साकशी जैसे पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों का रोमांच देखने को मिला।

पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष सुकालु मुड़ामी, जिला पंचायत सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि एवं जनपद पंचायत सीईओ सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मनमोहक नृत्य व गीत के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा जिले में राज्योत्सव (रजत महोत्सव) के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में स्कूली बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। मंच पर एक से बढ़कर एक लोक नृत्य, समूह गीत एवं पारंपरिक प्रस्तुतियों ने समूचे वातावरण को छत्तीसगढ़ी रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की शुरुआत माटी मोर महतारी समूह गायन से हुई, जिसने उपस्थित दर्शकों में मातृभूमि के प्रति गर्व और भावनात्मक जुड़ाव का संचार किया।

इसके बाद बच्चों ने महुआ झरे, जांवा-जांवा जैसे समूह नृत्यों से ग्रामीण जीवन की झलक और लोक संस्कृति की सजीवता प्रदर्शित की। छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हमर छत्तीसगढ़ पर सुआ नृत्य, जोहार-जोहार, लाल पोंगर सेवा जोहार और बस्तर आदिवासी नृत्य जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं शिव तांडव जैसे एकल नृत्य ने अद्भुत ऊर्जा और नृत्य कौशल का प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत मामान मैयाड तोनी सुंदर मनी नोनी, दुनिया वाले जाने आदिवासी, आतरी-चितरी-भतरी, रह-रह के बोलत हे, मोर महतारी जैसे समूह नृत्य एवं गीतों ने जनजातीय जीवन, परंपराओं और छत्तीसगढ़ी बोली की मधुरता को मंच पर जीवंत किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी नृत्य, हल्बी नृत्य, दोरला गोंडी समूह गीत, राउत नाचा जैसी प्रस्तुतियाँ दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहीं। स्कूली बच्चों के द्वारा प्रस्तुत एकल शास्त्रीय नृत्य और फूलो सा चेहरा समूह नृत्य ने भी दर्शकों से खूब सराहना बटोरी। राज्योत्सव के इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दंतेवाड़ा की धरती पर न केवल छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं को जीवंत किया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि नई पीढ़ी अपनी संस्कृति और विरासत से गहराई से जुड़ी हुई है। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एसडीएम सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्कूली बच्चे एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# पुलिस ने साइबर फ्रॉड, नशा मुक्ति व यातायात पर चलाया अभियान



**बचेली।** सायबर अपराध, नशा मुक्ति एवं यातायात के संबंध में रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर, रामकुमार बर्मन के मार्ग दर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी किरन्दुल कपिल चंद्रा के नेतृत्व में बचेली पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 3 नवम्बर को बचेली पुलिस द्वारा ग्राम दुगेली माड़कापारा में सायबर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें ग्रामवासियों एवं विधिक सेवा पैरालिगल वालंटियर की उपस्थिती में बचेली पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव के द्वारा सायबर क्राईम से संबंधित फर्जी लिंक, सोशल मिडिया पर फर्जी वेबसाइड, स्केमर्स टेलीकॉम कंपनी के अधिकारी होने का दिखावा करते हुये पैसे की मांग करना, केवाईसी अपडेट करने, बैंक कर्मचारी बताकर ठगी करने वालो से सावधान रहने तथा सायबर फ्रॉड होने पर तत्काल 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने एवं थाना बचेली को सूचित करने जानकारी दी गई तथा किसी प्रकार का नशा, धुम्रपान न करने एवं 18 वर्ष से कम उम्र में वाहन न चलाने एवं यातायात के नियमों का पालन करने समझाईश दिया गया है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा में जोन स्तरीय पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें दंतेवाड़ा व बीजापुर जिले के बच्चों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में दोनों जिले के कई बच्चे यहां शामिल हुए और अपने-अपने मॉडल की प्रदर्शनी लगाई। इस प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम के बच्चे भी शामिल हुए जहां इन बच्चों का मॉडल इस प्रतियोगिता में सबसे अव्वल रहा। बच्चों ने इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया जिसमें एकल प्रोजेक्ट में प्रथम स्थान पर कक्षा 11 वीं विज्ञान संकाय के छात्र कमलेश कुमार कडती रहे, वही टीम प्रोजेक्ट में प्रथम स्थान पर कक्षा 12 वीं विज्ञान संकाय के भानुप्रताप मानिकपुरी एव किरण सागर रहे । इन बच्चों ने अपने विकसित भारत के लिए नई कल्पना रखी। विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता पार्थ सरकार के मार्गदर्शन में बच्चो द्वारा बनाये गए मॉडल में विद्युत रोड़ का निर्माण किया गया था जो कि टेसला नामक वैज्ञानिक की खोज थी। यह बिना तार के बिजली का संचारण था। इसमे सौर्य ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तन एव संग्रहित कर विद्युत रोड का निर्माण किया गया। यह टेक्नोलॉजी जर्मनी, स्वीडन जैसे विकसित देश मे है। गीदम के बच्चों का यह मॉडल विज्ञान के प्रति उनकी रुचि, लगन, मेहनत और उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। वही भानुप्रताप व किरण ने अपने मॉडल में ऐसे वाहन का निर्माण दिखाया जो भारत की रक्षा के लिए बनाया गया है जिसमे सेटरलाइट इंटरनेट से कैमरा लगा हुआ है जो दिन रात काम करता है।

# कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल में बच्चे कर रहे प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम



एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित खेल परिसर मैदान में विकासखण्ड स्तरीय बस्तर ओलंपिक 2025 का भव्य शुभारंभ बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि चैतराम अटामी व जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुड़ामी ने दीप प्रज्वलित कर एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना, नगर पंचायत बारसूर अध्यक्ष सुभद्रा नेगी, जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, उपाध्यक्ष दिनेश कौशल, हारम सरपंच प्रमिला सुराना, छिंदनार सरपंच संध्या शुक्ला, पूर्व जनपद अध्यक्ष अंती वेक, जनपद सदस्य पवन कर्मा समस्त जनपद सदस्य, समस्त सरपंच भाजपा मंडल अध्यक्ष गीदम सुदराम भास्कर एवं जसवीर नेगी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन ग्रामीण युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और बस्तर अंचल में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। ऐसे आयोजनों से बच्चों को मंच मिलता है और आगे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का अवसर प्राप्त होता है। आयोजन में विकासखण्ड गीदम के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने बेडमिंटल, दौड़, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा मैदान जोश, ऊर्जा और खेल भावना से सराबोर रहा। यह आयोजन 3 नवम्बर से 5 नवम्बर तक चलेगा, जिसमें ब्लॉक स्तर के विजेता खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम के में सीईओ गीदम, बीईओ गीदम, बीआरसी गीदम, मंडल संयोजक गीदम सभी प्राचार्य, पीटीआई, समस्त सचिव, समस्त संकुल समन्वयक, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी की सक्रिय भूमिका निभा रहे है।

# मामले की जांच कर पत्नी सुबो को जमीन वापस हो : नाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर




धुरवा समाज के संभागीय अध्यक्ष पप्पू नाग ने मंगलवार को पत्रकार भवन में पत्रवार्ता में कहा कि जमीन मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए वेबा सुबो की जमीन वापस दिलाया जाए।

■ पत्रवार्ता में धुरवा समाज के अध्यक्ष ने धोखाधड़ी कर रजिस्ट्री का लगाया आरोप

उन्होंने कहा कि ग्राम कोरटा तहसील बकावंड के लक्ष्मन पिता स्व. शिबो जो गांव में रहकर खेती किसानी करता है जिनका चार बेटा बहुएं है जो अपने पैतृक संपति पर जीवन यापन कर गांव में रहते हैं। लक्ष्मन दूसरी तक पढ़ा है अक्षर ज्ञान नहीं होने के कारण अंगूठा लगाते हैं। दूसरे भाई लक्ष्मण सिंह उर्फ मनु पिता शिबो है जो हिकमीपारा जगदलपुर में निवास करते थे जहां आज भी उनके परिवार के सदस्य रह रहे हैं। लक्ष्मण सिंह उपनाम मनु के नाम से ही जाना व पहचाना जाता था। सरकारी दस्तावेज, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड समस्त सरकारी दस्तावेजों में लक्ष्मण सिंह पिता सिबो का नाम था। वह पांचवी तक पढ़ाई किया था जो लोक निर्माण विभाग में 9 नवंबर 1979 से भृत्य के पद पर नौकरी करते हुए 31 जनवरी 2016 को सेवानिवृत हुए थे। जिनकी मृत्यु 20 अक्टूबर 2024 को उनके निवास हिकमीपारा जगदलपुर में हुआ था। जिनका शव दफन के लिए उनके गृह ग्राम कोरटा ले जाया गया जहां अंतिम क्रियाकर्म किया गया। लक्ष्मण सिंह अपने सेवाकाल के दौरान ग्राम भाटागुड़ा घाटपदमुर में खसरा नंबर 671 रकबा 0.930 हे. भूमि को बुल्कू पिता टिरो से वर्ष 1991 को क्रय कर अपने मित्र सुंदरलाल सेठिया को जमीन के देखभाल एवं रखरखाव करने के लिए दिया था। जिसमें सुंदरलाल सेठिया मकान बनाकर रह रहा था। अब उनके परिवार के लोग रह रहे हैं । उक्त भूमि पर 10 सिवना, 56 ईमली, 38 आम, 135 काजू, 3 करंजी, एक महुआ, 5 सागौन, 5 कटहल, 3 नीम, 6 मुनगा, 2 जामुन एवं 3 नींबू वृक्ष है। शेष भूमि पर खेती किया जा रहा है उसमें कच्चा मकान एवं गाय गोठान भी है। उन्होंने कहा जमीन क्रेता सूरज कश्यप द्वारा रजिस्ट्री दस्तावेज में गलत जानकारी दिया गया है। इसकी जांच की मांग उन्होंने की है।

### 3 लाख देने की बात निराधार

पप्पू नाग ने कहा कि लक्ष्मन को रजिस्ट्री के दिन 3 लाख देने की बात सूरज कश्यप ने कही है जिसपर लक्ष्मन ने इंकार किया है। उन्होंने कहा यदि दलालों को पैसा दिए होंगे तो वे जाने।

# ओलंपिक में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बस्तर



ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री खेल मैदान में जोन स्तरीय एक दिवसीय बस्तर ओलंपिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत मां दंतेश्वरी व छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर पूजा अर्चना के साथ मुख्य अतिथियों के द्वारा शुभारंभ किया गया। बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता में नगर पंचायत बस्तर, भाटपाल, आड़ावाल, करमरी, चोकर घाट कवाली, कुड़कानार, मुंडापाल, कविआसना, टिकरालोहंगा, घाटलोहंगा, कुदालगांव, महूपालबरई, परचनपाल, कोलचुर के स्कूली बच्चों एवं ग्रामीण प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिए। इस प्रतियोगिता में दो वर्ग जूनियर और सीनियर ग्रुप के प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। पारंपरिक खेलों में दौड़, कबड्डी, खो -खो, वॉलीबॉल, लंबीकूद, ऊंची कूद, खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य कांतिबाई मौर्य नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे, रामानंद मिश्रा, अनिल परिहार, गजेंद्र बघेल, हेमराज कश्यप, उदबोराम नाग, सीताराम बघेल, नरसिंह नागेश सहित सरपंच एवं शिक्षक चंद्रभान मिश्रा, मनीष वर्मा, नीरज कुंजाम, कुलेश्वर यादव, विष्णु यादव,समीर मिश्रा, मनोज सिंह, इसराज खान, नरेंद्र भारती प्रिया ठाकुर, विद्या कौशिक सहित विभिन्न स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाएं व स्कूली बच्चे खेल प्रतियोगिता जोन स्तरीय में शामिल हुए। 6 एवं 7 नवंबर को विकासखंड स्तरीय खेलकूद का आयोजन किया जाएगा।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर जिला बस्तर छ.ग.**

प्र.क्र. क/ ब-121/ 2024-25

:: उद्घोषणा ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका छनी बाई सोनी पति स्व. तुलाराम सोनी जाति सोनार निवासी ग्राम बस्तर वर्तमान ग्राम बस्तर मृतक ग्राम बस्तर जहॉ मृत्यु दिनांक 26/12/2021 को माहरू राम पिता भदरूराम की मृत्यु हुआ होना बताया जाकर मृतक के संबंध रिस्ते आवेदिका माहरू को ससुर बताते हुए उकत मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 12/11/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

(मुहर) तहसीलदार बस्तर

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर जिला बस्तर छ.ग.**

प्र.क्र. क/ ब-121/ 2024-25

:: उद्घोषणा ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका छनी बाई सोनी पति स्व. तुलाराम सोनी जाति सोनार निवासी ग्राम बस्तर वर्तमान ग्राम बस्तर मृतक ग्राम बस्तर जहॉ मृत्यु दिनांक 04.01.2024 को तुलाराम पिता माहरू राम की मृत्यु हुआ होना बताया जाकर मृतक के संबंध रिस्ते आवेदिका तुलाराम को पति बताते हुए उकत मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 12/11/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

(मुहर) तहसीलदार बस्तर

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. /क/ब 121/2024-2025

-उद्घोषणा-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सरोज बाई पति मनीशंकर जाति कंवर निवास ग्राम महुपालबरई द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके सास सोन कुंवर पति स्व. मनबोधी सिरदार की मृत्यु दिनांक 24/11/2010 को ग्राम महुपालबरई में होना बताते हुए मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / महिला/संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 12/11/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 28/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर तहसीलदार बस्तर

## कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य और सुशासन पर विशेष जोर

# मंत्री केदार ने दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता, तथा संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने मंगलवार को क्षेत्र की जनता को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। मंत्री ने विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया और महत्वपूर्ण घोषणाओं, भूमिपूजन व लोकार्पण के माध्यम से स्थानीय बुनियादी ढांचे और जन सुविधाओं में बड़े सुधार की नींव रखी। उन्होंने करंदोला, गुमगा और नगरी में आयोजित कार्यक्रमों में 7 करोड़ 82 लाख रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगातें दीं।



### सड़कें बनेंगी जीवनरेखा

कश्यप ने कहा कि आज करन्दोला और गुमगा में जिन सड़कों का भूमिपूजन हुआ है, वह केवल डामर और गिट्टी का काम नहीं है। ये सड़कें क्षेत्र की जीवनरेखा बनेंगी। करन्दोला चैरा स्कूल से कुम्हली तक की 3.50 किमी लम्बी पुल-पुलिया सहित सड़क हो या कुंगारपाल से गुमगा मार्ग पर 2.50 किमी का निर्माण, ये हमारी बेहतर कनेक्टिविटी के संकल्प को दर्शाते हैं। अब हमारे किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुँचाने में आसानी होगी और हमारे बच्चों के लिए स्कूल तक पहुँचना सुरक्षित होगा। उ.प्र. शाला करन्दोला के नवीन भवन और महतारी सदन का लोकार्पण यह साबित करता है कि हमारी सरकार के लिए शिक्षा और सामाजिक उत्थान सर्वोच्च प्राथमिकता है।

ग्राम पंचायत करन्दोला में मंत्री कश्यप ने कुल 4 करोड़ 8 लाख रूपए के कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर सबसे प्रमुख कार्य करन्दोला चैरा स्कूल से कुम्हली तक 3.50 किमी लम्बी पुल-पुलिया सहित सड़क निर्माण का भूमिपूजन रहा, जो इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा। इसके अतिरिक्त, शिक्षा और सामाजिक कार्यों को बल देते हुए 21 लाख 59 हजार रुपए की लागत के उच्च प्राथमिक शाला करन्दोला के नवीन भवन और 24 लाख 70 हजार की लागत के महतारी सदन भवन का लोकार्पण भी किया गया।

इसके पश्चात ग्राम पंचायत गुमगा पहुंचे, जहां उन्होंने कुल 2 करोड़ 52 लाख रुपए की लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। यहां कुंगारपाल से गुमगा मार्ग पर 2.50 किमी पुल-पुलिया सहित सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। साथ ही 9 लाख 60 हजार रुपए की लागत से 300 मीटर नयापारा चैक से जुलाल घर तक सीसी सड़क निर्माण और जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 12 लाख 40 हजार रुपए की लागत के उचित मूल्य की दुकान का निर्माण भी घोषित किया गया।

कश्यप ने नगरी का दौरा किया और कुल 54.00 लाख रुपए के दो महत्वपूर्ण जनसुविधा केंद्रित कार्यों की घोषणा की। इसमें सबसे महत्वपूर्ण ग्राम पंचायत नगरी में 20 लाख रुपए की लागत से पंचायत भवन निर्माण कार्य सह कॉमन सर्विस सेंटर का निर्माण शामिल है, जो ग्रामीणों को एक ही स्थान पर कई सुविधाएँ देगा। वहीं, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए ग्राम पंचायत गोलावण्ड़ में 34 लाख रुपए की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण स्वीकृत किया गया, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उनके घर के पास ही मिल सकेंगी। मंत्री श्री कश्यप ने विश्वास व्यक्त किया कि ये विकास कार्य क्षेत्र की तस्वीर बदलेंगे और लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सहायक होंगे। लोकार्पण समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दिवान सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी ग्रामीण उपस्थित थे।

## चौथे दिन भी जारी रहा कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

**जगदलपुर।** आज शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष सहित पार्षदगण, कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने प्रतापदेव वार्ड स्थित रिक्त भूमि में मल्टीलेवल पार्किंग बनाए जाने की मांग को लेकर गोलबाजार चौंक से हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की। जनमानस का मल्टी पार्किंग बनाए जाने के पक्ष में समर्थन मिला।

नेता प्रतिपक्ष नगर निगम राजेश चौधरी ने बताया कि आज चौथे दिन जनमानस का भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ । तानाशाही रवैया अपनाकर सत्ता की मलाई खाने वाले इस बात को ध्यान से सुने मल्टी पार्किंग प्रतापदेव वार्ड में ही बनाया जाएगा और यह मांग सिर्फ हमारी नहीं अपितु पूरी जनता भी यही चाहती है। कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी। इस हस्ताक्षर अभियान के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी रामशंकर राव, प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,



एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खंबारी, पार्षद सूयार्पानी, शुभम यदू, कैलाश नाग,राकेश मोर,आभास महंती,जस्टिन भवानी,निकेतराज झा, असीम सुता, रविशंकर तिवारी,विजेंद्र ठाकुर,एस नीला,ज्योति राव,राजेंद्र पटवा, अभय दुबे,आदर्श दलाई,विश्वनाथ चौधरी, हरिसिंह,शादाब अहमद,अंकित सिंह,मोहसिन खान, सैयद समीर अली,खीरेंद्र यादव मौजूद रहे।








जीवेत शरदः शतम्
बस्तर माटी पुत्र
मृदुभाषी, असीम ऊर्जा के धनी, लाखो युवाओं के प्रेरणास्त्रोत
कर्मयोगी व कुशल संगठनकर्ता
केदार कश्यप जी
(मंत्री, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल-संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता, छ.ग.)
को
जन्मदिन
की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं
शुभेच्छु : हरबंधु ठाकुर
प्रभारी भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, दंतेवाड़ा


बस्तर के दीपस्तंभ, सरल सहज व्यक्तित्व के धनी जननायक
छत्तीसगढ़ शासन में वरिष्ठ मंत्री
मान. श्री केदार कश्यप जी
को जन्मदिवस की
05 नवंबर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संजय उपाध्याय
भारतीय जनता पार्टी, बस्तर


जीवेत शरदः शतम्
माननीय
केदार कश्यप जी
वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल-संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
जन्मदिन
की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं
बैदूराम कश्यप
पूर्व विधायक, भाजपा


HONDA
सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु
श्री गुरु नानकदेव जी
के प्रकाश पर्व एवं कार्तिक पूर्णिमा की समस्त बस्तर वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
उत्सव धमाका स्क्रैच एंड विन ऑफर
प्रथम पुरस्कार
एक व्यक्ति के लिए थाईलैंड/वियतनाम टूर
द्वितीय पुरस्कार
दो लोगों के लिए गोवा टूर
अन्य आकर्षक पुरस्कार
स्क्रैच एंड विन ऑफर का पुरस्कार वितरण 13 जनवरी को होगा।
SPIN & WIN
एक्स शोरूम कीमत ₹ 67,994
एक्स शोरूम कीमत ₹ 91,270
कस्टमर को किसी भी एक योजना का लाभ लेने की सुविधा उपलब्ध है
वाहेगुरु होंडा
(होंडा एक्सक्लूसिव अधिकृत विक्रेता)
दलपत सागर रोड, मोतीतालाब पारा, जगदलपुर, बस्तर (छ.ग.)
फ़ोन : 07782-224389, 223700,01,02 मोबाइल : 84350 90003, 8453090005
Email:wahegurusales1@gmail.com, Website:www.waheguruhonda.com
होंडा अधिकृत सर्विस सेंटर गीदम रोड-जगदलपुर फोन:07782-222501मो.9424189583
9399664934
9201191868
आकाश होंडा (एसोसिएट डीलर)सुकमा 9165660115
लोहंडीगुडा 7587116265
छिंदगढ़ 9424291316
बकावंड 8435015627
(अधिकृत सर्विस सेंटर) दोरनापाल 7646862848
8085299810
9691782956


जीवेत शरदः शतम्
बस्तर माटी पुत्र
मृदुभाषी, असीम ऊर्जा के धनी, लाखो युवाओं के प्रेरणास्त्रोत
कर्मयोगी व कुशल संगठनकर्ता
केदार कश्यप जी
(मंत्री, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल-संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता, छ.ग.)
को
जन्मदिन
की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं
: शुभेच्छु :
संजय पाण्डे